दिनांक : 18/04/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- लोकसभा में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देने वाला संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं हो सका।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जनकल्याण योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए।
- विश्व विरासत दिवस पर आज प्रदेश में संग्रहालयों और स्मारकों में प्रवेश मुफ्त।
- अक्षय तृतीया से पहले प्रदेश में बाल विवाह रोकने के लिए प्रशासन अलर्ट मोड पर।
- चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण शुरू, पहले दिन हजारों श्रद्धालु पहुंचे।

अब समाचार विस्तार से:-

लोकसभा महिला-आरक्षण

लोकसभा में कल एक सौ इकतीसवां संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं हो सका। इस विधेयक में लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित रखने का प्रावधान था। लोकसभा में उपस्थित कुल 528 सदस्यों में 298 सांसदों ने इसके पक्ष में और 230 ने इसके विरोध में मतदान किया, जो दो तिहाई बहुमत से कम था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मतदान का परिणाम घोषित करते हुए कहा कि विधेयक को पारित करने के लिए आवश्यक बहुमत न मिलने के कारण इसे आगे बढ़ाना संभव नहीं है। इससे पहले लोकसभा में विधेयकों पर चर्चा का उत्तर देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि संविधान में परिसीमन के प्रावधान किए गए हैं और इससे प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं का तर्कसंगत वितरण होगा। उन्होंने कहा कि परिसीमन प्रक्रिया से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए सीटों की संख्या में वृद्धि होगी।

बाइट - गृह मंत्री अमित शाह

महिला आरक्षण-किरेन रिजिजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष पर महिलाओं को आरक्षण प्रदान करने का अवसर गंवाने का आरोप लगाया।

बाइट - संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू

मुख्यमंत्री-समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल शाम भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी कमिश्नर और कलेक्टरों के साथ बैठक कर जनकल्याण योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि जनकल्याण के कामों में तेजी लाई जाए, अधिकारी लगातार फील्ड में जाएं, लोगों से सीधे संवाद करें और गांवों में रात्रि विश्राम भी करें, ताकि योजनाओं का सही क्रियान्वयन हो सके। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाने पर जोर दिया और गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए। गेहूं उपार्जन को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटे किसानों की खरीदी पहले हो और केंद्रों पर छाया, पानी और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध रहें। इसके साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़े कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे टीम लीडर की तरह काम करें और जनता तक योजनाओं का पूरा लाभ पहुंचाएं।

राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सफलता के साथ अपने मूल्यों को याद रखने की सलाह दी।उन्होंने कहा कि जीवन में माता-पिता के संस्कार और गुरुओं के ज्ञान के प्रति हमेशा कृतज्ञ रहना चाहिए। राज्यपाल एक निजी संस्थान के प्लेसमेंट ऑफर वितरण समारोह में शामिल हुए, जहां उन्होंने चयनित विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट भी प्रदान किए। उन्होंने युवाओं से ईमानदारी, मेहनत और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया और कहा कि असली सफलता वही है, जो समाज और राष्ट्र के काम आए। राज्यपाल ने युवाओं से नए अवसरों का लाभ उठाकर देश के विकास में योगदान देने की अपील भी की।

विश्व विरासत दिवस

आज प्रदेश भर में विश्व विरासत दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जायगा। इस मौके पर राज्य में सभी संग्रहालयों और ऐतिहासिक स्मारकों में आज प्रवेश पूरी तरह मुफ्त रखा गया है। संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने लोगों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपनी ऐतिहासिक विरासत को करीब से जानें।सरकार का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य लोगों को अपनी संस्कृति और इतिहास से जोड़ना है।

बाल विवाह-निगरानी

अक्षय तृतीया से पहले प्रदेश में बाल विवाह रोकने के लिए सरकार अलर्ट मोड पर है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने कल प्रदेशभर के अधिकारियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण देकर निगरानी व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि बाल

विवाह की सूचना मिलते ही तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाएगी और जरूरत पड़ने पर विवाह को निरस्त भी कराया जाएगा। प्रशासन, पुलिस और जिला स्तर पर समन्वय बढ़ाकर अक्षय तृतीया के दिन विशेष सतर्कता रखी जाएगी।सरकार का कहना है कि किसी भी हाल में बाल विवाह नहीं होने दिया जाएगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

चार धाम यात्रा - पंजीकरण

उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण कल से शुरू हो गया है। पहले दिन दो हजार सात सौ तेरह श्रद्धालुओं ने व्यक्तिगत रूप से पंजीकरण कराया। रविवार से शुरू हो रही यात्रा से पहले ही पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, ऑफलाइन पंजीकरण केंद्रों पर यमुनात्री के लिए 683, गंगोत्री के लिए 690, केदारनाथ के लिए 667 और बद्रीनाथ के लिए 673 तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया है।

नौसेना कमांडर सम्मेलन

नौसेना कमांडर सम्मेलन का पहला चरण कल नई दिल्ली में संपन्न हुआ। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चार दिवसीय सम्मेलन भारतीय नौसेना की परिचालन और सामग्री संबंधी तैयारियों, बुनियादी ढांचे, रसद और मानव संसाधन पहलों की व्यापक समीक्षा की गई। इस दौरान पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को देखते हुए मौजूदा परिचालन वातावरण का भी आकलन किया।सम्मेलन में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने भारतीय नौसेना की समुद्री सुरक्षा रणनीति के बारे में जानकारी दी। एडमिरल त्रिपाठी ने सागर मंथन का भी आयोजन किया।

भोजशाला-सुनवाई

धार जिले में स्थित भोजशाला को लेकर हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं ने अदालत से मांग की कि वसंत पंचमी और जुमे के एक ही दिन पड़ने पर होने वाले संभावित टकराव को रोकने के लिए ठोस व्यवस्था बनाई जाए। इस दौरान अदालत को बताया गया कि भोजशाला एक ऐतिहासिक स्थल है, जहां दोनों समुदायों की आस्था जुड़ी रही है। हाईकोर्ट ने कहा कि मामला सामाजिक सद्भाव से जुड़ा है और सभी धर्मों को साथ लेकर चलना जरूरी है।

गेहूं खरीदी

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी तेजी से जारी है।अब तक 1 लाख 30 हजार से ज्यादा किसानों से 57 लाख क्विंटल से अधिक गेहूँ खरीदा जा चुका है, और किसानों के खातों में 355 करोड़ रुपये से ज्यादा का भुगतान भी किया जा चुका है।खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि किसानों के लिए गेहूँ बेचने की स्लॉट बुकिंग 30 अप्रैल तक जारी रहेगी।प्रदेश में खरीदी के लिए 3 हजार से ज्यादा केंद्र बनाए गए हैं, जहां किसानों के लिए छाया, पानी और तौल जैसी सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।इस साल गेहूँ का समर्थन मूल्य 2625 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है, जिसमें बोनस भी शामिल है।

टीईटी विवाद-राज्य सरकार

प्रदेश में टीईटी विवाद को लेकर राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल की है, जिसे ई-फाइलिंग के जरिए जमा किया गया। इस कदम से प्रदेश के लाखों शिक्षकों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, जिनकी पात्रता को लेकर विवाद बना हुआ है। हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिक्षक संगठनों से चर्चा कर सकारात्मक संकेत दिए थे, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। वहीं, शिक्षक संगठनों ने इस कदम का स्वागत किया है, लेकिन साथ ही टीईटी परीक्षा के आदेश को लेकर सवाल भी उठाए हैं।

क्रिकेट

महिला क्रिकेट में, दक्षिण अफ्रीका ने कल डरबन में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत को 6 विकेट से हरा दिया। भारत द्वारा दिए गए 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने लौरा वोल्वाड्ट के 51 रन और क्लो ट्रायोन की तेज पारी की बदौलत 5 गेंद शेष रहते ही लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। वहीँ ,आईपीएल क्रिकेट में कल रात गुजरात टाइटन्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को पांच विकेट से हरा दिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटन्स ने अंतिम ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने 86 रन की मैच जिताऊ पारी खेली।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

ऽ मंदसौर में ऑनलाइन स्वगणना की सहायता के लिए ग्राम पंचायत और नगरीय स्तर पर कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। जहां पोर्टल के उपयोग में आने वाली किसी भी समस्या का त्वरित निराकरण किया जाएगा।

ऽ आगरमालवा कलेक्टर ने जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में रबी फसल, विशेष रूप से गेहूं कटाई के बाद खेतों में फसल अवशेष जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

ऽ इंदौर में जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता लाने के लिए आज क्लीन इंदौर, सेव वॉटर" थीम पर ओपन एयर केनवास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

ऽ झाबुआ में कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राणापुर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया।

ऽ शिवपुरी में अमर शहीद तात्या टोपे के बलिदान दिवस पर दो दिवसीय शहीद मेले का आयोजन उनके समाधि स्थल पर किया जा रहा है।

ऽ भोपाल कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिले के "एक जिला-एक उत्पाद" पहल के अंतर्गत ईटखेड़ी स्थित समर्थन सीएलएफ सेंटर का भ्रमण कर स्व-सहायता समूहों की महिलाओं से मुलाकात की।

-------------